## संक्षिप्त

### हरिनारायण बने प्रधानमंत्री

**गंगापुर सिटी** । अर्पण सेवा संस्थान व एल टी आई माइंडट्री फाउंडेशन के वित्त सहयोग से संचालित एकीकृत ग्राम विकास परियोजना के अंतर्गत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, मीना बडौदा में आज बाल संसद का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं निर्णय लेने की क्षमता का विकास करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय में छात्रों द्वारा मतदान प्रक्रिया के माध्यम से हरिनारायण को प्रधानमंत्री और शिवानी को उपप्रधानमंत्री के रूप में चुना गया। बाल संसद के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय से जुडी विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम डॉ. चंद्रशेखर मीना के दिशानिर्देशन में संचालित किया गया। आयोजन में अर्पण सेवा संस्थान से मदन सिंह मीना, बाबूलाल मीना और संजीव कुमार का विशेष सहयोग रहा, वहीं विद्यालय की ओर से अध्यापक रंगलाल सैनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अर्पण सेवा संस्थान के प्रतिनिधियों ने बच्चों को लोकतंत्र की शक्ति, जिम्मेदारी और समाज सेवा के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होते हैं।

### प्रशिक्षण शिविर शुरू

**गंगापुर सिटी** । ब्लॉक स्तरीय स्काउट एवं गाइड का पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को शुरू हुआ। यह शिविर पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के ब्लॉक 'सी' परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जो 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2०25 तक चलेगा। यह आयोजन सवाई माधोपुर के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार हो रहा है। शिविर का उद्घाटन स्कूल के प्रिंसिपल राजकुमार उपाध्याय ने मुख्य मेहमान के रूप में किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर स्काउट प्रभारी अशोक वैस, सेवानिवृत्त स्काउट मास्टर सुरेश चंद शर्मा, उमाशंकर शर्मा और भगवान सिंह भंडारी भी मौजूद रहे। प्रिंसिपल राजकुमार उपाध्याय ने अपने संबोधन में स्काउट एवं गाइड के कर्तव्यों और देश सेवा में उनके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी स्काउट-गाइड संगठन हमेशा अग्रिम पंक्ति में खडा रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक संख्या में संगठन से जुडने और समाज सेवा की भावना अपनाने का आ ान किया। इस प्रशिक्षण शिविर में गंगापुर सिटी ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट और गाइड भाग ले रहे हैं। अनुभवी स्काउट मास्टरों द्वारा प्रशिक्षण का संचालन किया जा रहा है, जो 11 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

### एएमपीएस के छात्रों ने फहराया परचम

**हिंडौन सिटी**। जिला स्तरीय विज्ञान मेला आज विवेकानंद मॉडल स्कूल करौली में आयोजित किया गया जिसमें संपूर्ण जिले की 12 विद्यालयों की टीमों ने सेमिनार और क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सेमिनार प्रतियोगिता में आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिंडौन के ऋषि सिंघल पुत्र साकेत सिंघल कक्षा 9 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा इसी क्रम में आशीष मेमोरियल विद्यालय हिंडौन की छात्रा चेष्टा सिंघल पुत्री अतुल सिंहल ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूरे जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया।

# स्कूल संचालक से अभद्रता करने वाले एसएचओ को बर्खास्त करने की मांग

■ निजी शिक्षण संघ ने डीजीपी के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



निजी विद्यालय संचालकों ने रुदावल तहसीलदार को डीजीपी के नाम ज्ञापन सौंपा।

**रुदावल** । गैर राजकीय / निजी शिक्षण संघ रुदावल ब्लॉक रूदावल की ओर से खेडली मोड थाने के एसएचओ द्वारा निजी विद्यालय संचालक के साथ अभद्रता करने एवं जबरन टीसी दिलाने व शांतिभंग के आरोप में बंद करने की घटना के विरोध में रुदावल तहसीलदार राकेश गिरी को डीजीपी के नाम ज्ञापन सौंपकर स्कूल संचालक के साथ अभद्रता करने व मारपीट करने वाले एसएचओ को बर्खास्त करने की मांग की है। निजी शिक्षण संघ रूदावल की ओर से सत्यप्रकाश वशिष्ठ एवं शिवदयाल शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि खेडली मोड एसएचओ बलराम यादव की ओर से बाछरैन में संचालित एक निजी विद्यालय के संचालक लवकुश शर्मा के साथ अभद्रता कर जबरन नियम विरूद्ध बिना बकाया फीस जमा कराए बच्चे की टीसी जारी कराने एवं विद्यालय संचालक से मारपीट कर शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जो कि पूर्णतया गैर कानूनी एवं मनमाना कृत्य था। ज्ञापन में मांग की है कि इस तरह का बर्ताव करने वाले थाना अधिकारी को तत्काल सेवा से बर्खास्त किया जाए। अगर इस प्रकरण में उचित कार्रवाही नही होती है तो विद्यालय संचालक धरना प्रदर्शन आंदोलन भी करेंगे। इस मौके पर सत्यप्रकाश वशिष्ठ, शिवदयाल शर्मा, केशवदेव शर्मा, भुवनेश गुप्ता, राजकपूर कटारा, मनोज लोधा, जयवीर, विजय पाराशर, रुपेन्द्र, दिनेश गौड, राधाकृष्ण जटमांसी, हाकिम सिंह, भगवानसिंह लोधा, गजेन्द्र सिंह, भूदेव, धर्मवीर, केशवदेव तिवारी, जीतेन्द्र कटारा सहित रुदावल परिक्षेत्र के समस्त निजी शिक्षण संस्थानों के संचालक मौजूद रहे।

## धूमधाम के साथ निकली भगवान की रथ यात्रा

**करौली** । शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्री दिगंबर पंचायती बड़ा मंदिर सदर बाजार से श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान रथ मे विराजमान होकर जैन नसिया पहुंचे। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि श्री जी को सैकड़ो वर्ष पूर्व से प्रत्येक शरद पूर्णिमा के दिन तीन दिनों के लिए जैन नसिया लाया जाता है जहाँ श्री जी के अभिषेक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है 9 अक्टूबर को श्रीजी को पुनः मंदिर सदर बाजार करौली ले जाया जाकर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा द्यकार्यक्रमों में प्रतिदिन अभिषेक पूजन व शाम को आरती तथा उसके बाद कोटा से पधारे पंडित उदय शास्त्री द्वारा शास्त्र स्वाध्याय तथा प्रतियोगिता संपन्न कराई जाती हैं।

दिगंबर जैन समाज के राकेश कुमार जैन ने सारथी की भूमिका निभाई रथयात्रा के आगे धर्म ध्वजा को लेकर अनुराग रारा घोड़े पर सवार हुए रथ यात्रा में प्रकाश चंद जैन, मनोज जैन, बिरधी चंद, मंत्री विवेक जैन, कैलाश चंद जैन,वीरेंद्र जैन, नरेंद्र, धर्मेंद्र, ललित, कल्लू, आशीष जैन एडवोकेट, राजकुमार, यश, महिला मंडल की मंत्री राजकुमारी जैन, ममता, पूनम, ज्योति, गुंजन, एवं अन्य सकल जैन समाज के महिला पुरुष शामिल रहे।

## गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

**करौली** । करौली जिले में गाय माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की माँग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर भाजपा नेता सतवीर चंदीला,लोकेन्द्र छावडी, बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष सवाई खटाना,जिला महामंत्री अमृत थड, बजरंग सेना युवा मोर्चा के जिला प्रभारी अभीकेश थड, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष यादराम थड सहित अनेक पदाधिकारी एवं गौभक्त उपस्थित रहे। उन्होंने ज्ञापन में कहा गया कि गाय भारतीय संस्कृति, अर्थव्यवस्था और आस्था की प्रतीक है। इसे राष्ट्रमाता का दर्जा देकर केंद्र सरकार देशभर में गौ संरक्षण और गौ संवर्धन के प्रयासों को और मज़बूती दे सकती है।

## नगाड़ा बाज रहा पर्वत पर गुमानो मैया का...

**करौली** । करौली से करणपुर पहुंची विसर्जन यात्रा से पूर्व भजन कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी वही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। करौली जिला मुख्यालय से 5 अक्टूबर को करौली जिला मुख्यालय से करणपुर गुमानो मां सेवा समिति के तत्वाधान में 24 वी विशाल कलश और पदयात्रा धूमधाम के साथ रवाना हुई जिसके 6 अक्टूबर को करणपुर के निकट आशा की टावर पहुंचने पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने पंगत में बैठकर दाल, बाटी, चूरमा की प्रसादी ठाहण की इसके अलावा श्रीजी म्यूजिकल ठ्रुप के कलाकार अंकेश पाराशर ने माता रानी के भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कलाकार अंकेश ने नगाडा बाज रहा पर्वत पर गुमानो मैया का, शेरावाली का सजा है दरबार चले तो दर्शन कर आ में, एक बार मेरे घर आजा मां के अलावा लांगुरिया और माता की भेंट प्रस्तुत कर पदयात्रियों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान अध्यक्ष प्रहलाद गुप्ता, गिर्राज तिवारी, जितेंद्र सिंह पत्रकार, सहित नवयुवक भक्त मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने करौली के अस्पतालों में बिजली के तारों की जांच कराने के आदेश दिए

■ साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**करौली** । राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं से संबंधित विभिन्न कार्यों की विभागवार समीक्षा की और समय से कार्यों को पूर्ण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये। जयपुर में सवाई मानसिंह अस्पताल की दुखद घटना को देखते हुए जिला कलक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पीएमओ करौली व हिण्डौन को निर्देशित करते हुए कहा कि वे करौली और हिण्डौन राजकीय जिला चिकित्सालय सहित समस्त चिकित्सा एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न विद्युत उपकरणों की वायरिंग एवं शॉर्ट सर्किट से संबंधित सभी जांच विद्युत विभाग के कार्मिकों से समन्वय स्थापित कर करवायें। जिससे जिले में कहीं भी इस तरह की कोई घटना घटित नहीं हो सके। इसके साथ साथ अग्निशामक उपकरणों की नियमित समीक्षा करें एवं उचित आपातकालीन अभ्यास कर व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखें। साथ ही निजी अस्पतालों, स्कूल एवं अन्य संस्थाओं की फायर एनओसी के संबंध में समन्वय के साथ आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए नगरपरिषद सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ को स्क्रब टाईफस, डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम हेतु मच्छररोधी गतिविधियाँ, फॉगिंग आदि करवाने, सरकारी अस्पतालों व दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने तथा मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जनजागरूकता बढ़ाने, सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में उच्चस्तरीय सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिससे आमजन निजी अस्पतालों से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को तरजीह दे सकें। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाडे के तहत आयोजित शिविरों के दौरान जिला स्तर पर प्रगति, पर्यवेक्षण एवं समन्वय हेतु कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जा चुकी है। प्रतिदिन शिविर समाप्ति पर पोर्टल पर रिर्पोटिंग की जावे तथा परिवादों का विभागवार रजिस्टर बनाया जाए जिसमें प्राप्त जनसमस्याओं एवं परिवेदनाओं का संधारण किया जाए ताकि आगामी समय में उनका उचित फॉलोअप किया जा सके।

## 'चिकित्सक के परामर्श अनुसार करें दवाओं का उपयोग'

**करौली**, (निंसं.) बाल रोगियों को चिकित्सक के परामर्श अनुसार ही रोगों की दवाएं दी जाएं और बाल रोगियों के खांसी वाले मामलों में चिकित्सक खांसी के कारणों का पता लगाकर उपचार करें।

यह निर्देश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निदेशालय से प्रमुख शासन सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिए गए। जिसमें निदेशालय से मिशन निदेशक एनएचएम,अतिरिक्त मिशन निदेशक, निदेशक जन स्वास्थ्य मौजूद रहे।

सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने बताया कि डेक्सोमेथारपिन 4 साल से कम उम्र के बच्चों को दिये जाने पर रोक है तथा कोई भी मेडिकल स्टोर संचालक बिना चिकित्सक की पर्ची के बाल रोगियों को दवाएं न दें।

बच्चों में खांसी, जुखाम, बुखार के मामलों में अभिभावक बिना चिकित्सक सलाह के दवाओं का उपयोग न करें।

उन्होंने बताया कि चिकित्सा संस्थानों पर फार्मासिस्ट बाल रोगियों को दवा दिए जाने के बारे में विस्तार से समझाएं और एएनएम,सीएचओ तथा आशाएं खतरे के निशान वाले बाल रोगियों को उच्च चिकित्सा संस्थानों पर रेफर करवाएं। वीसी के दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रामकेश मीणा, डीपीओ आशुतोष पांडे सहित कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।

## समाज कल्याण सप्ताह के समापन पर उपकरण वितरित

**करौली** । एकट बोधग्राम के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की समाज कल्याण सप्ताह के समापन के अवसर पर निःशब्द विद्यालय के बच्चों को हियरिंगएड वितरण की गई। इस दौरान समाज कल्याण के हिम्मत मीणा ने सप्ताह के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा की 1 अक्टुबर को अंतर्राष्ट्रीय व्रद्धजन दिवस के रूप में मनाते हुए बुजुर्गों को सम्मानित किया 2 को गांधी जयंती एवं अनुसूचित जाति कल्याण दिवस 3 को अपराधी सुधार दिवस पर जेल में फल वितरण एवं योजनाओं की जानकारी 4 को बाल दिवस बालगृहों में मनाया गया 5 को महिला एवं बालिका दिवस 6 को जनचेतना दिवस एवं 7 अक्टूबर को निःशब्द विद्यालय में विशेष योग्यजन दिवस के रूप में मनाते हुए बच्चो को हियरिंग एड वितरण की गई विभाग के परसराम नाहरवाल ने समाज कल्याण की जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताया ।

# हिमाचल के उप सचेतक ने रुपवास में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया

■ प्रभारी ने कहा हमें राजस्थान में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है

**रूपवास**। कस्बे के महादेव चौक के पास स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में संगठन नव सृजन अभियान के तहत बैठक का आयोजन हिमाचल प्रदेश के उप सचेतक एवं संगठन नव सृजन अभियान के पीसीसी प्रभारी केवल सिंह पठानियाँ के मुख्यातिथ्य में किया गया वहीं कार्यक्रम की ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र सिंह परमार ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सह प्रभारी हरसहाय यादव,सह प्रभारी योगेश मेहता, जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता शर्मा,पूर्व विधायक अमर सिंह जाटव, पूर्व विधायक निर्भय लाल जाटव, ज्ञानेश शर्मा, सतीश सोगरवाल, प्रशांत उपाध्याय प्रदेश सचिव,नवलकिशोर गुर्जर,धर्मेंद्र शर्मा,चंद्रकेश राजावत, सुरेश राजावत, मख्खन पहलवान, नन्दराम शर्मा मौजूद थे। इस दौरान केवल सिंह पठानियां ने संगठन नव सृजन अभियान के तहत सभी कार्यकर्ताओं से संगठन के द्वारा आगामी जिलाध्यक्ष के लिए फीड बैक लिया। प्रभारी ने सभी कार्यकर्ताओं से एक एक करके बात की। साथ ही प्रभारी ने कहा हमें राजस्थान में पार्टी को मजबूत करना है। पार्टी के द्वारा बीच कार्यकर्ताओं में से ही जिलाध्यक्ष चुने जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ है। संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता को महत्व दिया जा रहा है। प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी बूथ स्तर से मजबूत करे। हमारा लक्ष्य आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत कर सरकार बनाना है। उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए पर्ची एवं डबल इंजन की सरकार को फैल बताया। इससे पहले सभी अतिथियों का साफा बांधकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर जयनन्त सिंह, संजीव चौधरी,रामप्रकाश गुर्जर, नवनीत, अजीत चौधरी रामेंद्र गुर्जर, भूरा चौधरी, गिरधर गुर्जर,वीर बहादुर सिंह, मुकेश टाइगर, वासुदेव कुशवाह, संजय शुक्ला, दाऊदयाल जोशी, सुबोध चंसोरिया, विनीत पाल सिंह, वीरेंद्र अम्बेश समेत ब्लॉक कांठोस के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# करौली के आराध्या श्री राधा मदन मोहन जी मंदिर में शरद पूर्णिमा पर खीर की प्रसादी बांटी

**करौली**। आराध्या श्री राधा मदन मोहन जी मंदिर में शरद पूर्णिमा पर्व पर राधा मदन मोहन भक्त मंडल की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संध्या आरती से लेकर शयन आरती तक श्रद्धालुओं को खीर प्रसादी का वितरण किया गया।

■ मंदिर प्रांगण में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ

इससे पूर्व दोपहर बाद 3:00 बजे से मंदिर प्रांगण में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ पंडित शिवजी प्रसाद शर्मा ने किया । भक्त मंडल के जयंत शर्मा ने यह जानकारी दी ।



श्री राधा मदन मोहन जी मंदिर में खीर प्रसादी का वितरण हुआ

## भगवती जागरण में जमकर झूमे पद यात्री

**गंगापुर सिटी** । मां कैला देवी सेवा संस्थान के तत्वाधान में मां कैला देवी की 25वीं पदयात्रा में चैनपुर बालाजी पर भजन संध्या में कलाकारों द्वारा माता रानी की एक से एक भेट सुना कर पद यात्रियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। म्यूजिकल पार्टी के मनोज शर्मा, महेश सेन, ज्योति गौतम, दीपक शर्मा, लोकेश जांगिड, गणेश पदम, सोनू द्वारा गाए माता के भजनों पर पदयात्री जमकर झूमे और नृत्य किया। इस मौके पर मंच से संस्थान के पदाधिकारी अध्यक्ष दिनेश चंद, महामंत्री रमेश चंद तिवारी, विनोद कोर्ट, महेश पडासोद, वेद प्रकाश मंगल, सुमेर गुप्ता, लक्ष्मी नारायण प्रॉपर्टी, राकेश मंगल, राहुल, गिर्राज, देवकीनंदन, दिनेश, पवन आदि द्वारा भामाशाह निहाल, चंद्रशेखर दुबे पंडित पुरुषोत्तम शर्मा आदि का माता रानी की तस्वीर भेंट कर दुपट्टा औढाकर सम्मान किया।

## सार-समाचार

### पर्यावरण जागरूक रहने का संकल्प दिलाया

**मण्डरायल/करौली**। वन विभाग के तत्वाधन में वन्यजीव सप्ताह 2025 का अयोजन उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक रणथम्भौर टाईगर रिर्जव (द्वितीय) करौली के निर्देशन में 2-8 अक्टूबर तक किया जा रहा है। उप वन संरक्षक एव उप क्षेत्र निदेषक द्वितीय रणथम्भौर टाईगर रिजर्व करौली पीयुष कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत वन्यजीव रेंज मण्डरायल के क्षेत्रीय वन अधिकारी इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में आज राजकीय प्राथमिक विधालय झारीला (नींदर) के छात्र, छात्राओं के साथ वन्यजीव सप्ताह का आयोजन किया गया। बच्चों को वन्यजीव संरक्षण एवं वन्यजीवों की रक्षा और पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दिलाया गया। इसके उपरांन्त विधालय के बच्चों को वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीओं, विधालय के अध्यापकगण तथा राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना के प्रतिनिधि आदि के द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से वन्यजीवों के संरक्षण, उनका महत्व और मानव जीवन सह अस्तित्व जैसे विषयों पर स्थानीय ठाामीणों को जागरूक किया गया। इसके उपरान्त विधालय के बच्चों का वन भ्रमण करवाया गया और वन एवं वन्यजीवों के बारे में जानकारी दी गई।

### भाजपा शहर मंडल की बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी** । भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल गंगापुर सिटी द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत शहर मण्डल अध्यक्ष मिथलेश व्यास की अध्यक्षता में सभापति निवास सवाईमाधोपुर मोड पर बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का संकल्प दिलाया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के उद्देश्यों तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रही अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि नगरपरिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि हमारा देश उन्नति एवं प्रगति के लिए आत्मनिर्भर होना जरूरी है। उन्होने सभी को बताया कि प्रत्येक कार्यकर्ता आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं जिससे स्वदेशी चीजों को अपनाया जा सके। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री कमलेश महावर, गोविंद गुप्ता, मण्डल उपाध्यक्ष चिरंजी लोधा, मण्डल उपाध्यक्ष विकास सैनी, अशोक गुप्ता, मण्डल मंत्री मुकेश प्रजापत, सियाराम गुर्जर, जितेन्द्र शर्मा, अंकित तंवर, गोपाल धामनिया, वेदप्रकाश, बबलू चौधरी, गोपाल दीक्षित, अतुल मुदगल, गौरव मंगल, नारायण महावर सहित कार्यकर्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का निश्चय किया।

### विद्यालय में कन्या पूजन

**करौली** । संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के आव्हान पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महू हरनगर में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप प्रधानाचार्य राजेन्द्र दीवान ने बताया कि विद्यार्थियों में मूल्य आधारित शिक्षा तथा संस्कारों के जागरण के उद्देश्य से विद्यालय में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने मिल कर छात्राओं के चरण पाखरे व रोली टीका लगा कर पुष्प वृष्टि कर मीठा मुंह कराया। वरिष्ठ अध्यापक रंगीलाल मीना ने कहा इससे बचपन से ही नारी सम्मान करने की सीख दी गई।शिक्षिका अल्पना शर्मा ने कहा कि इससे बालिकाओं में आत्मविश्वास की भावना का विकास होता है। तथा विद्यालय में संस्कार पूर्ण वातावरण का निर्माण होता है।

### रात्रि चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रम जारी

**करौली**, (निंसं.) जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने अक्टूबर के लिये रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रम जारी किया। उन्होंने बताया कि 9 अक्टूबर गुरूवार को सांय 6:30 बजे से हिण्डौन पंचायत समिति की ठााम पंचायत पाली, 17 अक्टूबर शुक्रवार को सांय 6:30 बजे से टोडाभीम पंचायत समिति की ठााम पंचायत गोरडा, 30 अक्टूबर गुरूवार को सांय 6:30 बजे से करौली पंचायत समिति की ठााम पंचायत लोहर्रा, 31 अक्टूबर शुक्रवार को सांय 6:30 बजे से हिण्डौन पंचायत समिति की ठााम पंचायत झारेडा में रात्रि चौपाल आयोजित कर जन समस्याऐं सुनी जायेंगी और मौके पर अधिक से अधिक परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिये।

### मानसिक स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन

**करौली** । राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वाधान मे विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के तहत पीजी कॉलेज में 'युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य का महत्त्व' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ जयंतीलाल मीना ने बताया की मानसिक स्वास्थ्य परिचर्चा में छात्र -छात्राओं को वक्तओ ने मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की। इस दौरान मनोचिकित्सक डॉ प्रेमराज मीना ने कार्यशाला में 18 से 30 के युवाओं में शैक्षिणक तनाव, प्रतिस्पर्धा, परिजनों की अपेक्षाओं, सहपाथियो के दबाव, ऑनलाइन गेमिंग, सोशल मीडिया के अधिक उपयोग आदि से अवसाद, एंग्जायटी, तनाव, मोबाइल एवं ड्रग एडिक्शन आदि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही है जिन्हें समय पर पहचान एवं उचित उपचार से रोका जा सकता है।


**कृषि महाविद्यालय**

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर), बसेड़ी, धौलपुर 328027

क्रमांक :- प.( )/भंडार/कृमब/2025/971 दिनांक :- 04/10/2025

**खुली निविदा सूचना**

कृषि महाविद्यालय बसेडी में विभिन्न श्रेणी के सौलर पैनल व इन्वर्टर आदि की आपूर्ति एवं इंस्टालेशन हेतु खुली निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं sppp.rajasthan.gov.in and www.sknau.ac.in पर देखा जा सकता है। पूर्ण रूप से भरी हुई निविदाए दिनांक 14.10.2025 समय दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है, प्राप्त निविदाए दिनांक 14.10.2025 को दोपहर 12.30 बजे टैण्डर समिति द्वारा खोली जावेगी।

UBN : SKN2526GSOB00247, NIB CODE - SKN2526A0237

राज.संवाद/सी/25/11571 अधिष्ठाता



**कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर ( राज. )**

क्रमांक: 4907, 4908, 4909, 4910 दिनांक: 07.10.2025

**सार्वजनिक आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखित आवेदकों के आगे वर्णित स्थान पर 90ए/90बी/69ए/पुरानी आबादी के तहत पट्टा चाहा गया है जो निम्न है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | राजस्व ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय/व्यवसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नौशाद खान पुत्र अब्दुल कलाम | महानन्दपुर | 278/333 | 303.08 | आवासीय |
| 2 | नौशाद खान पुत्र अब्दुल कलाम | महानन्दपुर | 278/333 | 358.82 | आवासीय |
| 3 | तोसिफ अहमद पुत्र अतीक अहमद | महानन्दपुर | 278/333 | 261.28 | आवासीय |
| 4 | तोसिफ अहमद पुत्र अतीक अहमद | महानन्दपुर | 278/333 | 351.85 | आवासीय |
| 5 | मोहम्मद राशिद पुत्र मोहम्मद खालिद | महानन्दपुर | 278/333 | 220.05 | आवासीय |
| 6 | मोहम्मद राशिद पुत्र मोहम्मद खालिद | महानन्दपुर | 278/333 | 241.54 | आवासीय |
| 7 | कृष्ण कुमार यादव पुत्र हरलाल यादव | महानन्दपुर | 278/333 | 133.77 | आवासीय |
| 8 | कृष्ण कुमार यादव पुत्र हरलाल यादव | महानन्दपुर | 278/333 | 148.64 | आवासीय |
| 9 | कृष्ण कुमार यादव पुत्र हरलाल यादव | महानन्दपुर | 278/333 | 271.33 | आवासीय |
| 10 | मनमोहन शर्मा पुत्र श्यामस्वरूप शर्मा | महानन्दपुर | 278/333 | 147.64 | आवासीय |
| 11 | मनमोहन शर्मा पुत्र श्यामस्वरूप शर्मा | महानन्दपुर | 278/333 | 133.31 | आवासीय |
| 12 | मनमोहन शर्मा पुत्र श्यामस्वरूप शर्मा | महानन्दपुर | 278/333 | 354.18 | आवासीय |
| 13 | भावना शर्मा पुत्री रामगोपाल शर्मा | महानन्दपुर | 278/333 | 356.50 | आवासीय |
| 14 | भावना शर्मा पुत्री रामगोपाल शर्मा | महानन्दपुर | 278/333 | 424.50 | आवासीय |
| 15 | सतीश शर्मा पुत्र मिठ्ठन लाल शर्मा | महानन्दपुर | 278/333 | 91.13 | आवासीय |
| 16 | सतीश शर्मा पुत्र मिठ्ठन लाल शर्मा | महानन्दपुर | 278/333 | 192.18 | आवासीय |
| 17 | सतीश शर्मा पुत्र मिठ्ठन लाल शर्मा | महानन्दपुर | 278/333 | 282.18 | आवासीय |
| 18 | मोहित बोहरा पुत्र राधाकिशन बोहरा | महानन्दपुर | 278/333 | 323.98 | आवासीय |
| 19 | मोहित बोहरा पुत्र राधाकिशन बोहरा | महानन्दपुर | 278/333 | 345.47 | आवासीय |
| 20 | चेतराम गुर्जर पुत्र मनफूल गुर्जर | महानन्दपुर | 278/333 | 369.85 | आवासीय |
| 21 | चेतराम गुर्जर पुत्र मनफूल गुर्जर | महानन्दपुर | 278/333 | 363.47 | आवासीय |

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नम्बरों/69ए/पुरानी आबादी में पट्टा देने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में नगर परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। उक्त अवधि में आपत्ति पेश नही होने पर आवेदन कर्ता को भूमि का नियमानुसार आवासीय/व्यवसायिक पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जाएगी इसके पश्चात् कोई भी आपत्ति पर सुनवाई नही की जायेगी। सूचित रहें।

आयुक्त
नगर परिषद गंगापुर सिटी